JANKIDEVI
PUBLIC SCHOOL

A... Sh... Mob. 98212...

# PRELIMINARY EXAMINATION 2018-2019
## HINDI

STD: X
TIME: 3 hrs.

DATE: 14.01.2019
MARKS: 80

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*
*You will **not** be allowed to write during the first **15 minutes.***
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

*Attempt **all** the questions of section **A.***
*Attempt any **four** questions from section **B**, answering one question each from the **two** books and any **two** other questions.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in the brackets [ ].*
*This paper consists of **six** printed pages. Nothing should be written on the question paper.*

## SECTION A [40 MARKS]
*Attempt all questions.*

**Question 1**
Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on anyone of following topics :-
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए | [15]


(i) प्रदूषण से आप क्या समझते हैं? वह कितने रूपों में मानवता को हानि पहुँचा रहा है ? उससे सुरक्षित रहने में वृक्षों की भूमिका समझाइए |

(ii) सदाचारी व्यक्ति जीवन के हर पहलू में सकारात्मक सोच रखते हैं | मानव जीवन में सदाचार का महत्व स्पष्ट करते हुए समझाइए |

(iii) 'दूरदर्शन केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, अपितु ज्ञान वृद्धि का माध्यम तथा जन-जागरण का साधन भी है | परंतु नए चैनलों के आने के बाद इससे सांस्कृतिक प्रदूषण भी फैल रहा है | 'पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रकट कीजिए |

(iv) 'आगे कुआँ पीछे खाई '. उक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए |

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए |





Turn over

Scanned by CamScanner

**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately 120 words on any of the topics given below: -

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **हिंदी** में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए | [7]

(i) आपके मोहल्ले में जल-आपूर्ति [Water Supply] नियमित रूप से नहीं हो रही है, जल-संस्थान के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए और उन्हें अपनी समस्याओं के विषय में बताकर, उनसे अनुरोध कीजिए कि वे तत्काल जल-आपूर्ति कराने की व्यवस्था करें |

(ii) आपकी चचेरी बहन जो गाँव में रहती है,उसकी दसवीं के वाद की शिक्षा रोक दी गई है | अत: उसकी आगे की शिक्षा जारी रखने का निवेदन करते हुए अपने चाचाजी को पत्र लिखिए, जिसमें नारी शिक्षा की आवश्यकता और उसके लाभों की भी चर्चा कीजिए |

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible: -

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए | उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :- **[10]**

भारत के स्वातंत्र्य युद्ध में जिन हुतात्माओं ने अपने जीवन तक की सहर्ष आहुति दे दी उनमें एक प्रमुख नाम है-चंद्रशेखर आजाद | किसी विशाल एवं भव्य प्रासाद या दुर्ग की नींव में डाले गए शिलाखंड की भाँति आजाद ने अपनी मातृ -भूमि की स्वाधीनता-प्राप्ति के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया | आजाद को अद्वितीय लोकप्रियता मिली और इसका प्रमुख कारण था उनकी रोमांचकारी मृत्यु तथा उनका दृढ़ चरित्र बल | उन्होंने पाषाण की भाँति चूर-चूर होना स्वीकार किया किन्तु झुके नहीं | उन्होंने अपने नाम को सर्वरूपेण सार्थक किया और आजीवन 'आजाद' ही रहे | अपने आदर्शों पर मर-मिटने की उनमें सच्ची लगन थी | निम्नलिखित घटना उनके स्वभाव की इस विशेषता पर पर्याप्त प्रकाश डालती है |

एक बार आजाद के क्रान्तिकारी दल की गतिविधियाँ धनाभाव के कारण ठप्प-सी हो गई | किन्तु पैसा आए तो कहाँ से? यह उस समय की बात है जब विदेशी -शासन के विरुद्ध किसी की भी सहायता करने वाले अस्तित्व को मिट्टी में मिला दिया जाता था | निदान आजाद और उनके साथी श्री रामप्रसाद बिस्मिल आदि ने किसी धनी के घर पर डाका डाल कर धन जुटाने का सामयिक निर्णय किया | दल का एक सर्वमान्य सिद्धांत था कि महिलाओं पर हाथ न उठाया जाए| आजाद को घर के भीतर रहने का आदेश दिया गया और श्री मन्मथनाथ गुप्त को उनकी सहायता के लिए नियुक्त किया गया | दोनों के हाथों में भरी हुई रिवाल्वरें थीं | धनी की घर की स्त्रियाँ समूह बनाकर इन दोंनो पर टूट पड़ीं | परन्तु दल के अनुशासन एवं सिद्धांतप्रियता के कारण तथा अपनी प्रतिज्ञा के विरुद्ध वे उन पर हाथ भी न उठा सके | जवानी डाँट-डपट से काम चल नहीं सकता था | परिणाम यह हुआ कि उन स्त्रियों ने इन दोनों सज्जनों की खूब मरम्मत की| यहाँ तक कि आजाद की रिवाल्वर तक उनसे छीन ली गई | उसी समय दल के नेता ने कूच करने का आदेश दे दिया और सब भाग खड़े हुए | आजाद को यह बात सर्वदा अखरती रही कि एक स्त्री उनकी भरी हुई रिवाल्वर छीन कर ले गई परन्तु प्रतिज्ञा के पाश में वद्ध होने के कारण वे तब कुछ भी नहीं कर सकते थे |

Scanned by CamScanner

(i) 'शिलाखंड' का अर्थ लिखिए और बताइए कि इस तुलना के माध्यम से क्या कहा गया है ?

(ii) आजाद को कैसी लोकप्रियता मिली और क्यों?

(iii) टप्प-सी क्या हो गई और क्यों? 'सामयिक निर्णय' का अर्थ समझाइए और बताइए कि यह किसने किया और क्यों?

(iv) कौन सी 'महिलाएँ' किस पर टूट पड़ीं और कब ? दोंनो 'सज्जन' महिलाओं पर हाथ क्यों नहीं उठा सके ?

(v) आजाद को क्या अखरता रहा और क्यों? ('क्यों' के लिए अपने विचार दीजिए |)

**Question 4**

Answer the following questions according to the instructions given: -

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

(i) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विशेषण शब्द लिखिए : - [1]

पत्र , कुरु, आनंद , परिवार

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए : -- [1]

नूतन , मूक , संशय , एकता |

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध कीजिए : - [1]

परीस्थती, उजजवल, प्रदर्षणी, अपरीचीत |

(iv) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : - [1]

राक्षस, ईश्वर, चतुर, धनवान |

(v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए : - [1]

दाँतों तले उँगली दबाना , मुट्ठी गर्म करना |

(vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए : -

a. विद्यार्थी को <u>जानने की इच्छा रखने वाला</u> होना चाहिए | [1]

(रेखांकित के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करें |)

b. वह साहसी नहीं है | ('साहस'का प्रयोग कीजिए |) [1]

c. छोटे जादूगर के दवारा ताश का जादू दिखाया गया | (कर्तृवाच्य में बदलिए | ) [1]

Scanned by CamScanner

## SECTION B [40 MARKS]

*Attempt four questions from this section*

*You must answer at least one question from each of the two books and any two other questions.*

### साहित्य सागर

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

'वर्षा के अनंतर एक दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है,परंतु भीतर ही भीतर उसकी आद्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है,वैसे ही उसके अंतस्तल में वह शोक जाकर बस गया था |'

-काकी

लेखक- सियारामशरण गुप्त

(i) 'उसके' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? संक्षिप्त परिचय दीजिए | [2]

(ii) उसके हृदय में कौन-सा शोक जाकर बस गया था ? [2]

(iii) एक दिन क्या देखकर उसका हृदय एकदम खिल उठा और क्यों ? [3]

(iv) इस कहानी से बच्चों के किस स्वभाव का पता चलता है? पाठ के आधार पर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए | [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए |

'कुहरे की सफ़ेदी में कुछ ही हाथ दूर से एक काली-सी मूरत हमारी तरफ आ रही थी |'

- अपना-अपना भाग्य

लेखक- जैनेंद्र कुमार

(i) 'एक काली-सी मूरत' से किसकी ओर संकेत है ? संक्षिप्त परिचय दीजिए | [2]

(ii) लेखक का मित्र उसे लेकर किसके पास गया और क्यों ? [2]

(iii) 'आदमियों की दुनिया' से क्या तात्पर्य है? इस दुनिया ने उस लड़के के पास क्या उपहार छोड़ा ? [3]

(iv) इस कहानी के माध्यम से कहानीकार ने क्या संदेश दिया है ? [3]

AM[illegible]K DEPOT
Shop No. 1, [illegible], Vasant Utsav,
Thakur [illegible] Kandivali (E);
Mumbai - 400 101.
Mob. [illegible]



Scanned by CamScanner

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

"यही तो मेरा और तुम्हारा मतभेद है | जीवन के लघुदीप को अनंत की धारा में बहा देने का यह संकेत है | आह! कितनी सुंदर कल्पना |"

-संदेह

लेखक- जयशंकर प्रसाद

(i) वक्ता और श्रोता कौन -कौन हैं ? वक्ता और श्रोता इस समय कहाँ पर है ? [2]

(ii) वक्ता ने अपनी हृदय की वेदना को क्या कहकर प्रकट किया ? [2]

(iii) लेखक ने कितनी बार संदेह प्रकट किया है और किस-किस के द्वारा ? [3]

(iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए | [3]

## एकांकी संचय

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :-

"मेरे मायके में यह होता है, (हाथ मटकाकर) अपने मायके के सामने तो वह किसी को कुछ गिनती ही नहीं | हम तो उसके लिए मूर्ख, गँवार और असभ्य हैं |"

-सूखी डाली

लेखक -उपेंद्रनाथ 'अश्क'

(i) उपर्युक्त कथन कौन, किससे किस संदर्भ में कह रहा है ? [2]

(ii) 'वह' सर्वनाम किसके लिए आया है? संक्षिप्त परिचय दीजिए | उसके मायके का वातावरण कैसा है? [2]

(iii) उसकी ससुराल के वातावरण में क्या अंतर है और उसे ससुराल की कौन-सी बातें नापसंद है? [3]

(iv) इस एकांकी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए? [3]

AM... DEPOT

Scanned by CamScanner

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

"रोओ मत, मैं कहता हूँ रोओ मत | इन मोतियों का मूल्य समझने वाला यहाँ कोई है | पानी से पत्थर नहीं पिघल सकता | "

-बहू की विदा

लेखक -विनोद रस्तोगी

(i) रोने वाला कौन था ? संक्षिप्त परिचय दीजिए | [2]

(ii) वक्ता उसे किस प्रकार सांत्वना देता है और समस्या का हल किस प्रकार निकालने की बात करता है? [2]

(iii) श्रोता उसे ऐसा करने से रोकते हुए क्या कहता है और क्यों? [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए | [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :-

"नहीं कुँवर ! तुम कभी रात में अकेले नहीं जाओगे | चारों तरफ ज़हरीले सर्प घूम रहें हैं | किसी समय भी तुम्हें डँस सकते हैं |"

-दीपदान

लेखक -डॉ.राम कुमार वर्मा

(i) कुँवर कौन है तथा उनसे बात करने वाला कौन है ? [2]

(ii) 'ज़हरीले सर्प' से वक्ता का संकेत किनकी ओर है ? संक्षिप्त परिचय दीजिए | [2]

(iii) वक्ता ने कुँवर के प्राणों की रक्षा के लिए क्या योजना बनाई ? [3]

(iv) 'दीपदान ' एकांकी के माध्यम से एकांकीकार ने क्या संदेश दिया है ? [3]

...BOOK DEPOT
...Thakur ... (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821260050

***********************

Scanned by CamScanner